परेशानी मुख्य मार्ग पर बस और मालवाहक वाहनों की आवाजाही से यातायात प्रभावित

रफ्तार थमी : भारी वाहनों से जाम के हालात

नवभारत , जबलपुर । शहर के प्रमुख मार्गों पर दिन के समय भारी वाहनों की मौजूदगी के कारण यातायात की रफ्तार धीमी पड़ती नजर आ रही है वहीं नेपियर टाउन , रसल चौक में सड़क पर बस, मालवाहक वाहन और अन्य बड़े वाहनों के एक साथ आने से आम लोगों को जाम जैसी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। दोपहिया वाहन चालक सीमित जगह से निकलने को मजबूर हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है।

पीक ऑवर्स में बनते हैं जाम के हालात

सुबह कार्यालय समय, स्कूल-कॉलेज खुलने और दोपहर के समय सार्वजनिक परिवहन व निजी वाहनों की संख्या बढ़ने से सड़क पर जाम जैसी स्थिति बन जाती है। वाहन चालकों को बार-बार रुकना पड़ता है, जिससे समय और ईंधन दोनों की बर्बादी होती है।

भारी वाहनों की आवाजाही से बढ़ा दबाव

मुख्य मार्ग पर बस, मालवाहक वाहन और निजी गाड़ियों की एक साथ आवाजाही के कारण सड़क पर लगातार दबाव बना रहता है। बड़े वाहनों की धीमी गति का असर पीछे चल रहे सैकड़ों वाहनों पर पड़ता है, जिससे ट्रैफिक रेंगता हुआ नजर आता है। कई बार कुछ सौ मीटर का सफर तय करने में भी कई मिनट लग जाते हैं।

इनका कहना है

मेरी दुकान सड़क किनारे है, इसलिए रोजाना ट्रैफिक की स्थिति देखने को मिलती है। सुबह और शाम के समय वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। भारी वाहन निकलने के कारण छोटे वाहन चालकों को काफी देर तक इंतजार करना पड़ता है और कई बार जाम जैसी स्थिति बन जाती है।

दीनानाथ

भारी वाहनों और लगातार बढ़ती भीड़ के कारण समय पर पहुंचना मुश्किल हो जाता है। कई बार सड़क पार करना भी चुनौतीपूर्ण होता है। यदि ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर हो और पीक ऑवर्स में वाहनों का संचालन व्यवस्थित किया जाए, तो छात्रों और आम लोगों को काफी राहत मिल सकती है।

पीयूष

मारपीट करने वाले सात लोगों को एक-एक साल की सजा

जबलपुर। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सुश्री सोनाली बंसल की अदालत ने मारपीट करने वाले सात आरोपियों को दोषी करार दिया है। अदालत ने आरोपी सचिन सिंह, विकास सिंह, राघवेन्द्र सिंह, आशीष, वीरेन्द्र सिंह, मुकेश उर्फ कमलेश सिंह तथा रामकृष्ण उर्फ बिन्नू को एक-एक साल की सजा व दो-दो हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। मामले में शासन की ओर से एडीपीओं बृजेश असाटी ने पक्ष रखा। जिन्होंने अदालत को बताया कि आरोपी सचिन कनौजिया ने अपने पिता की हत्या के मामले में फरियादी तथा उसके भाई अशोक बर्मन, दिनेश बर्मन तथा फरियादी के पिता किशनलाल बर्मन के विरूद्ध न्यायालय में मामला चल रहा है। न्यायालय से जमानत मिलने से वे लोग ग्राम इमलई थाना पनागर में रह रहे थे। 17 अगस्त 2015 को फरियादी अपने भांई दिनेश, अशोक तथा पिता किशनलाल, मामा रमेश बर्मन के साथ जबलपुर न्यायालय में पेशी करने के बाद मेट्रो बस से ग्राम इमलई जा रहे थे।

मृत महिला को कागजों में किया जिंदा, 76 लाख की ठगी

भू माफियां ने 1.63 करोड़ की जमीन का किया सौदा , आधार कार्ड को एडिट किया

नवभारत, जबलपुर । माढ़ोताल थाना अंतर्गत औरिया में स्थित 1.63 करोड़ की जमीन का कोर्ट के फर्जी राजीनामे, आधार कार्ड को एडिट कर एक मृत महिला को कागजों पर जिंदा कर सौदा किया। बुजुर्ग को झांसे में लेकर 76 लाख की ठगी कर दी ।जब पीड़ित ने खुद जमीनी स्तर पर जांच की, तो पता चला कि जिस महिला की जमीन की सौदेबाजी हुई उसकी मौत हो चुकी है। जिसके बाद मामला थाने पहुंचा ।पुलिस ने लंबी जांच पड़ताल की इसके बाद आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई। जानकारी के अनुसार जवाहरगंज बड़ा फुहारा निवासी व्यापारी दीपक कुमार टिबरेवाला (57) साल 2023 में निवेश के लिए एक प्रॉपर्टी की तलाश में थे। प्रॉपर्टी ब्रोकर हजारी चौरसिया के जरिए उनका संपर्क दो शातिर जालसाजों राकेश गुप्ता निवासी शांतिनगर और लखन नायक निवासी आईटीआई, लमती से हुआ। दोनों ने अधारताल पुराना पनागर तहसील के ग्राम ओरिया में स्थित खसरा नंबर 368 की 0.350 हेक्टेयर लगभग 37,660 वर्ग फीट जमीन दिखाई, जो रिकॉर्ड में फूलमती पति स्व. दीनबंधु के नाम दर्ज थी। भरोसा दिलाने के लिए आरोपियों ने सिविल कोर्ट के एक फर्जी राजीनामे की कॉपी दिखाई, जिसमें दावा किया गया था कि कोर्ट ने फूलमती के माध्यम से इन दोनों को जमीन बेचने का अधिकार दिया है। जमीन को हड़पने और पीड़ित से पैसे ऐंठने के लिए आरोपियों ने कमला सेन नामक महिला को पैसों का लालच दिया था। आरोपियों ने कमला सेन के असली आधार कार्ड को कंप्यूटर से एडिट कर उस पर फूलमती जोशी नाम लिख दिया, ताकि वह असली भू-स्वामी नजर आए। कोर्ट के कागजात देखकर पीड़ित झांसे में आ गया और 17 अप्रैल 2023 को सौदा तय हो गया। कुल सौदा 1,63,00,000 रुपये में तय हुआ ।बयाना 41,00,000 चेक के माध्यम से दिए गए। नकद भुगतान 10,00,000 और एक अन्य ट्रांजेक्शन में 19 लाख रुपये आरोपियों और फर्जी महिला को मौके पर दिए गए।

इनके खिलाफ दर्ज हुआ प्रकरण

पुलिस ने लंबी जांच पड़ताल के बाद दस्तावेजों के सत्यापन के बाद राकेश गुप्ता, लखन नायक और इनके साथ मिलकर फूलमती बनने का नाटक करने वाली कमला सेन के खिलाफ धोखाधड़ी, फर्जी दस्तावेज बनाने और आपराधिक षड्यंत्र के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

फर्जीवाड़े से ऐसे उठा पर्दा

इस फर्जीवाड़े का खुलासा तब हुआ जब पीड़ित को जमीन की रजिस्ट्री और मालिकाना हक को लेकर संदेह हुआ। पीड़ित खुद पटवारी दफ्तर और जमीन के पते पर जांच करने पहुंचे। वहां जो सच सामने आया, उसने पीड़ित के पैरों तले जमीन खिसका दी। जमीन की असली मालकिन फूलमती की मौत वर्षों पहले ही हो चुकी थी ।फूलमती का इकलौता बेटा फूलचंद की भी मौत हो चुकी थी। उसका नाम भी सरकारी रिकॉर्ड से कट चुका था। आरोपियों ने जिस फर्जी फूलमती को खड़ा किया था, उसके नाम पर लिया गया 19,00,000 का चेक कभी बैंक में जमा ही नहीं किया गया, क्योंकि उस नाम का कोई वैध बैंक खाता या आईडी ही अस्तित्व में नहीं थी। जांच में पता चला कि जिस महिला फूलमती जोशी के नाम पर पैसे लिए गए, वह असल में कमला सेन है और असली भू-स्वामी का कोई अता-पता ही नहीं है।

कट्टे का ट्रिगर दबा, युवक घायल, हालत गंभीर

किराए के मकान का ताला खोलते समय चली गोली

नवभारत, जबलपुर । गढ़ा थाना अंतर्गत कृपाल चौक के पास शनिवार दोपहर घर का ताला खोलते समय एक युवक के पास मौजूद लोडेड कट्टे का ट्रिगर अचानक दब गया। कट्टे से निकली गोली सीधे युवक के दाहिने हाथ में जा लगी। गोली लगते ही युवक लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा, जिसे आनन-फानन में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

गढ़ा थाना प्रभारी प्रसन्न कुमार शर्मा ने बताया कि कृपाल चौक के पास किराए के मकान में रहने वाला शुभम

सिंह ठाकुर पिता दिलीप सिंह ठाकुर (20) शनिवार को अपने घर में ताला लगाकर किसी काम से बाहर गया हुआ था। दोपहर करीब तीन बजे जब वह वापस लौटा, तो उसके हाथ में एक अवैध लोडेड कट्टा था। शुभम जैसे ही अपने कमरे का ताला खोलने लगा, तभी अचानक कट्टे का ट्रिगर दब गया और फायर हो गया। गोली सीधे उसके दाहिने हाथ को चीरती हुई पार हो गई। घायल को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। अत्यधिक खून बह जाने के कारण उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस का कहना है कि घायल शुभम अभी बेहद गंभीर स्थिति में है और फिलहाल बयान देने की स्थिति में नहीं है। युवक के पास अवैध लोडेड कट्टा कहाँ से आया । वह कट्टा लेकर किस वारदात को अंजाम देने या किस काम से गया था गोली किन परिस्थितियों में चली समेत अन्य बिन्दुओं पर विस्तृत जांच चल रही है। घायल युवक के होश में आने के बाद उसका बयान दर्ज किया जाएगा, जिसके बाद ही पूरी स्थिति साफ हो सकेगी। जांच के आधार पर आगे की कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में नगर निगम अव्वल

प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में बाजी मारी

नवभारत, जबलपुर। प्रदेश में नगर निगम जबलपुर ने सी एम हैल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में बाजी मारी है और प्रदेश में ए ग्रेड हासिल करते हुए शहर का नाम रोशन किया है। जानकारों के अनुसार एक मई 2026 से 20 जून तक नगर निगम जबलपुर में सी एम हेल्पलाइन में 3407 शिकायत दर्ज हुई थीं, जिनमें 59.49 प्रतिशत शिकायतों

को संतुष्टि के साथ बंद कर दिया है यानी इन समस्याओं का निराकरण कर दिया गया है ।प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में दूसरा स्थान सागर नगर निगम ने हासिल किया है जिसने सी एम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का निराकरण कराया है। नगर निगम कमिश्नर रामप्रकाश अहिरवार और महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने इस सफलता का श्रेय नगर निगम की पूरी टीम को दिया है।

ऑटो ले उड़े चोर

जबलपुर। लार्डगंज थाना अंतर्गत रानीताल के पास खड़ा ऑटो को अज्ञात चोर चुराकर ले गए। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी है ।पुलिस के मुताबिक अंकित कुमार प्रजापति 29 वर्ष निवासी शिवनगर गढ़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आटो क्रमांक एमपी 20 जेड के 8242 को रानीताल के पास खड़ी करके दुकान पर काम करने चला गया था रात लगभग 10 बजे वापस घर जाने के लिये बाहर आकर देखा उसका ई रिक्शा गायब था। अज्ञात चोर उसका ऑटो चुराकर ले गया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर प्रकरण को जांच में ले लिया है।

दिनेश शुक्ल पहुंचे पहले स्थान पर

जबलपुर, नवभारत। मध्यप्रदेश स्टेट बार काउंसिल चुनाव 2026 की मतगणना के चौथे दिन ग्वालियर के अधिवक्ता दिनेश कुमार शुक्ल 267 मतों के साथ पहले स्थान पर पहुंच गए हैं। मतगणना के शुरुआती रुझानों में उम्मीदवारों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिल रही है और आगामी चरणों में परिणामों में बदलाव की संभावना बनी हुई है। बता दें कि मुख्य चुनाव अधिकारी एस.के. पालो तथा सहायक चुनाव अधिकारियों ज्ञानेंद्र सिंह बघेल और दीपक अवस्थी के अनुसार इस चुनाव के माध्यम से मध्यप्रदेश स्टेट बार काउंसिल के 23 सदस्यों

का निर्वाचन किया जाना है। मुख्य चुनाव अधिकारी रिटायर्ड जस्टिस एसके पालो के अनुसार अब तक प्रदेश की 33 तहसीलों के कुल 4519 मतों की गणना की जा चुकी है। इनमें 4357 मत वैध पाए गए, जबकि 162 मत निरस्त घोषित किए गए हैं। मालूम हो कि अब सोमवार को भोपाल की महत्वपूर्ण मतपेटियां खोली जाएंगी, जिनके बाद चुनावी तस्वीर और अधिक स्पष्ट होने की उम्मीद है।

री-नीट परीक्षा प्रशासन के लिए चुनौती

जबलपुर। प्रशासन के सामने राष्ट्रपति का दौरा, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन और उसी दिन आयोजित री-नीट परीक्षा की व्यवस्थाएं एक साथ संभालने की चुनौती रहेगी ।हालाँकि जिला एवं पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा, यातायात और परीक्षा संचालन को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने बताया कि पहली बार परीक्षा के लिए छात्रों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने के लिए सरकार की ओर से बसों की व्यवस्था की गई है। रविवार को दोपहर 12 बजे तक पेंटीनाका चौक से अलग-अलग परीक्षा केंद्रों के लिए बसें संचालित की जाएंगी।

इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाई, डाली तस्वीरें, अश्लील कमेंट्स किए

सोशल मीडिया पर छात्रा को बदनाम करने की साजिश

नवभारत, जबलपुर। कुण्डम थाना अंतर्गत डबरा कला में एक सिरफिरे ने कॉलेज में पढ़ने वाली एक 20 वर्षीय छात्रा को बदनाम करने की नीयत से इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाई। आरोपी ने छात्रा की तस्वीरों को पोस्ट कर उस पर बेहद अश्लील कमेंट्स लिखकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, ग्राम डबरा कला की रहने वाली

20 वर्षीय युवती बी.एससी. सेकंड ईयर की छात्रा है। बीती रात करीब 10:30 बजे छात्रा के पिता ने उसे बुलाया और बताया कि इंस्टाग्राम पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके नाम से एक फर्जी प्रोफाइल बनाई है। इस प्रोफाइल पर छात्रा की तस्वीरें अपलोड की गई हैं और उनके साथ बेहद आपत्तिजनक बातें लिखी गई हैं। पिता की बात सुनकर जब छात्रा ने खुद इंस्टाग्राम पर जाकर उसके नाम के इस अकाउंट को चेक किया, तो उसके होश उड़ गए। अज्ञात ने उसकी तस्वीरों का गलत इस्तेमाल कर उसे और उसके परिवार को समाज में बदनाम करने की साजिश रच रहा था। छात्रा मानसिक तनाव और सदमे में आ गई। इसके बाद थाने पहुंचकर पुलिस को आपबीती सुनाई। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस अब साइबर एक्सपर्ट्स की मदद से उक्त इंस्टाग्राम अकाउंट के आईपी एड्रेस और मोबाइल नंबर को ट्रैक कर रही है, ताकि आरोपी का पता लगाया जा सके ।

दंड प्रावधानों और जुर्माना राशि में हुआ संशोधन

जबलपुर, नवभारत। रेल यात्रियों की सुविधा, रेलवे परिसरों में अनुशासन बनाए रखने तथा रेल सेवाओं के सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रेल अधिनियम, 1989 की विभिन्न धाराओं में संशोधित दंड एवं जुर्माना प्रावधान 19 जून से प्रभावी हो गए हैं। भारत सरकार के रेल मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) अधिनियम, 2026 के अंतर्गत रेल अधिनियम से संबंधित संशोधित प्रावधान लागू कर दिए गए हैं। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा ने बताया कि संशोधित प्रावधानों का उद्देश्य यात्रियों में नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, बिना टिकट एवं अनियमित यात्रा पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना तथा रेलवे परिसरों में बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करना है। लंबे समय से अपरिवर्तित दंड राशियों को वर्तमान परिस्थितियों के अनुरूप संशोधित किया गया है।

ऐसे है संशोधित प्रावधान

संशोधित प्रावधानों के तहत धारा 137 के अंतर्गत बिना टिकट यात्रा अथवा यात्रा का प्रयास करने वाले मामलों में देय न्यूनतम अतिरिक्त प्रभार 250 रुपये से बढ़ाकर 500 रुपये कर दिया गया है। इसी प्रकार धारा 138 के अंतर्गत अनियमित यात्रा से संबंधित मामलों में भी न्यूनतम अतिरिक्त प्रभार 250 रुपये के स्थान पर 500 रुपये निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त रेलवे परिसर में अनधिकृत प्रवेश, अवैध फेरी, महिलाओं के लिए आरक्षित डिब्बों में अनधिकृत प्रवेश, रेलवे कर्मचारियों के निर्देशों की अवहेलना तथा अन्य विभिन्न उल्लंघनों से संबंधित दंड प्रावधानों एवं जुर्माना राशि में भी संशोधन किया गया है। रेलवे प्रशासन का मानना है कि संशोधित दंड प्रावधानों से बिना टिकट एवं अनियमित यात्रा की घटनाओं में कमी आएगी, जिससे वैध टिकटधारी यात्रियों को बेहतर यात्रा सुविधा उपलब्ध होगी तथा रेलवे परिसरों में अनुशासन और सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ किया जा सकेगा।

कार की टक्कर से दो घायल

जबलपुर। संजीवनीनगर थाना अंतर्गत चंदन कॉलोनी में शनिवार सुबह कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दो लोग घायल हो गए जिन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस के मुताबिक आशीष चक्रवर्ती निवासी क्रेशर बस्ती कबीरमठ का शनिवार सुबह लगभग 10-30 बजे घर से निकलकर भूकम्प कॉलोनी काम के लिये जा रहा था, उसका बड़ा भाई रज्जन भी अपनी गाड़ी में पुन्नूलाल गोंड़ को बैठाकर चंदन कॉलोनी होते हुये जा रहे थे उसके बड़े भाई रज्जन आगे आगे मोटर सायकल से जा रहा था पानी की टंकी के पास चंदन कॉलोनी पहुँचे तभी पीछे से आ रही कार क्रमांक एमपी 20 के एल 1399 से टक्कर मार दिया जिससे उसका भाई व पुन्नूलाल मोटर सायकल सहित गिर दोनों को चोट आ गई।

अव्यवस्था सड़क किनारे खड़ी गाड़ियां और अव्यवस्थित पार्किंग से पैदल चलने वालों का रास्ता हुआ संकरा

कल्चरल स्ट्रीट पर पार्किंग और वाहनों के जमावड़े से बढ़ी परेशानी

नवभारत,जबलपुर। शहर की पहचान बन चुकी कल्चरल स्ट्रीट इन दिनों दो प्रमुख समस्याओं से जूझ रही है। एक ओर अव्यवस्थित पार्किंग की समस्या है, वहीं दूसरी ओर स्ट्रीट के सामने सड़क पर वाहनों के जमावड़े से यातायात और पैदल आवागमन प्रभावित हो रहा है। इससे यहां आने वाले लोगों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। कल्चरल स्ट्रीट पर आने वाले लोगों के वाहनों के लिए पर्याप्त और व्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था नहीं होने के कारण कई वाहन सड़क किनारे और आसपास के क्षेत्रों में खड़े किए जा रहे हैं। इससे यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है और सड़क की चौड़ाई भी कम हो रही है।

सड़क पर वाहनों के जमावड़े से पैदल चलना मुश्किल

स्ट्रीट के सामने बड़ी संख्या में कारों के खड़े रहने और रुकने से पैदल चलने वालों के लिए रास्ता संकरा हो गया है। शाम के समय स्थिति और गंभीर हो जाती है, जब यहां लोगों की भीड़ बढ़ जाती है। ऐसे में परिवारों, बच्चों और बुजुर्गों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते पार्किंग और यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में समस्या और बढ़ सकती है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि कल्चरल स्ट्रीट के आसपास व्यवस्थित पार्किंग की व्यवस्था की जाए और सड़क पर वाहनों के अनावश्यक जमावड़े को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं, ताकि यहां आने वाले लोगों को सुरक्षित और सुगम वातावरण मिल सके।